गृह मंत्रालय

धरती के लिए प्लास्टिक खतरनाक है और हमारी पीढ़ी के भविष्य को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने रोजमर्रा के जीवन में प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करे : श्री जी. किशन रेड्डी

प्रविष्टि तिथि: 17 OCT 2019 4:12PM by PIB Delhi

गृह राज्यमंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों के अधिक इस्तेमाल से जलवायु परिवर्तन में तेजी आती है और धरती का पारस्थितिकीय संतुलन बिगड़ता है। उन्होंने आज नई दिल्ली में एनडीएमसी द्वारा आयोजित वृक्षारोपण, प्लॉगिंग और सिंगल यूज प्लास्टिक में कमी लाने के अभियान के दौरान यह कहा।

श्री रेड्डी ने कहा कि समय आ गया है कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए संतुलित तरीके से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि धरती के लिए प्लास्टिक खतरनाक है और हमारी पीढ़ी के भविष्य को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने रोजमर्रा के जीवन में प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करे।

श्री रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र से आग्रह किया था कि पर्यावरण बचाने के लिए हम अपने जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम करें। इसके मद्देनजर पर्यावरण सुरक्षा की जिम्मेदारी न केवल स्थानीय निकायों और सरकार की है, बल्कि यह जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। इस प्रयास को जनांदोलन बनाया जाना चाहिए। श्री रेड्डी ने कहा कि नई दिल्ली में पारस्थितिकीय संतुलन को कायम रखने और वायु प्रदूषण के स्तर में और कमी लाने के प्रयास किये जाने की जरूरत है।

गृह राज्यमंत्री ने 'नो टू सिंगल यूज प्लास्टिक' के विषय में स्कूली छात्रों, अध्यापकों, सुबह टहलने वालों और अधिकारियों को शपथ भी दिलाई। उन्होंने स्वयं प्लॉगिंग की शुरूआत करते हुए नेहरू पार्क में प्लॉगिंग अभियान के लिए एनडीएमसी स्कूल के छात्रों के दल को रवाना किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने 'नो टू सिंगल यूज प्लास्टिक' के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में एक अत्यंत सूचनात्मक नुक्कड़-नाटक पेश किया।

इस अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव और एनडीएमसी के कार्रवाहक अध्यक्ष श्री विजय कुमार देव भी उपस्थित थे।

***